**श्री प्रफुल्ल कुमार माँझी, माननीय स०वि०स० के गै०स०सं० संख्या–517/25 से उद्भूत आश्वासन संख्या–1253/25 का उत्तर प्रतिवेदन**

| प्रश्न | आश्वासन | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|
| यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा एवं ईस्लाम नगर अलीगंज प्रखण्ड का क्षेत्र पहाड़ी, पठारी एवं मैदानी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में वर्षा होने का अनुपात काफी कम है, क्योंकि यह रेन शेडो क्षेत्र में पड़ता है जिसके कारण सिकन्दरा एवं ईस्लाम नगर अलीगंज क्षेत्र की हजारों एकड़ भूमि परती रह जाती है, खेतों की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध करावे। | **श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्रीः** महोदय, इन क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुंड घाट जलाशय योजना का कार्य प्रगति में है। दूसरे, अभी तुरंत मुख्यमंत्री जी ने प्रगति यात्रा में कुंड जलाशय योजना जो है, उसके पुनर्निमाण, पुनर्स्थापन का कार्य स्वीकृत किया है, उसके तहत कार्य कराया जा रहा है। यह दोनों कार्य पूरा हो जाएगा। कुंड घाट अभी तीन–चार महीने में पूरा हो जाएगा। यह भी अगले वर्ष पूरा हो जाएगा, तब इन क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। | कुण्डघाट जलाशय योजना का निर्माण जमुई जिला के बहुआर नदी पर सिकंदरा प्रखंड के 2035 हे० सूखा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु किया गया है। दिनांक 18.03.2026 को इस योजना का उद्घाटन तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार के कर–कमलों से किया गया। खरीफ सिंचाई अवधि, 2026 में इस योजना से जमुई जिला के सिकंदरा प्रखंड के 1100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।<br><br>इसके अतिरिक्त अपर किउल जलाशय से निकलने वाली अपर किउल मुख्य नहर का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य प्रगति में है, जिसके कार्यान्वयन से 7307 हे० कमाण्ड क्षेत्र में ह्रासित सिंचाई क्षमता का पुनर्स्थापन किया जा सकेगा। वर्तमान में योजना की भौतिक प्रगति 30 प्रतिशत है तथा इसे माह जनवरी, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–15 / 2025 पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–2566 दिनांक–21.08.2025 के आलोक में गै0स0सं0सं0–517 / 25 से उद्भूत आश्वासन सं0–1253 / 25 का अनुमोदित अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–15 / 2025 पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–15 / 2025 पटना / दिनांक :.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–15 / 2025 336 पटना / दिनांक : 16/6/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव